अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः अनु.जाति/जनजाति/प्रकोष्ठ/2014/ 514 दिनांक 9/6/14

प्रति,
प्राचार्य
जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय,
संभाग, ग्वालियर

विषय – अनु.जाति/जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रकोष्ठ का गठन करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों की ओर सूचनार्थ प्रेषित है कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राऐं छात्रवृति तथा अन्य समस्याओं को लेकर इस विश्वविद्यालय में आते हैं, जबकि यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन की मंशा अनुसार छात्रवृति के लिये कोई भी छात्र/छात्रा परेशान नही होना चाहिए।, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र ही छात्रवृति का लाभ प्राप्त हो सके।

इस संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ का गठन कर, इस विश्वविद्यालय को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करावें जिससे कि छात्रों की समस्या का समाधान महाविद्यालय स्तर पर ही हो सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपि –: सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग, गोरखी, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. उप–कुलसचिव, अनु.जाति/जनजाति प्रकोष्ठ, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. विश्वविद्यालय वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

उप– कुलसचिव
अनु.जाति/जनजाति प्रकोष्ठ